देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 05.05.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत हासिल कर इतिहास रचा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– गंगोत्री से गंगासागर तक लहराया भगवा।
- केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने बागेश्वर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में विभिन्न केंद्र पोषित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
- विद्यालयी शिक्षा विभाग में अब शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कार्मिकों के अवकाश की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।
- आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने देहरादून स्थित आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र का निरीक्षण किया। कहा – सरकार सार्वजनिक उपक्रमों को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

भाजपा जश्न

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। पार्टी ने विधानसभा की 293 सीटों में से 206 सीटे जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। स्वतंत्रता के बाद पश्चिम बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश भाजपा कार्यालय, देहरादून में कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगोत्री से गंगासागर तक लहराता भगवा परचम केवल एक जीत का प्रतीक नहीं, बल्कि 'सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम' के संकल्प का सशक्त संदेश है।

दिशा बैठक

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने बागेश्वर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न केंद्र पोषित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आपसी समन्वय के साथ सभी कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

गोलज्यू संदेश यात्रा

प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों से होते हुए श्री गोलज्यू संदेश यात्रा के अल्मोड़ा पहुंचने पर लोगों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारम्परिक परिधान रंगवाली पिछौड़ा पहनकर गोलू देवता की पूजा–अर्चना की। यात्रा के प्रदेश संयोजक विजय भट्ट ने यह

यात्रा, प्रदेश के मैदानी क्षेत्र, मध्य हिमालय और उच्च हिमालय को जोड़ते हुए उत्तराखंड की संस्कृति को एक सूत्र में जोड़ने का काम कर रही है।

गौरतलब है कि श्री गोलज्यू संदेश यात्रा, ''अपनी धरोहर न्यास'' की ओर से आयोजित की जा रही है। इस वर्ष 19 अप्रैल से चम्पावत से शुरू हुई यह यात्रा उत्तराखंड के विभिन्न मंदिरों की परिक्रमा के बाद नौ मई को फिर से चम्पावत पहुंचेगी। श्री गोलज्यू संदेश यात्रा का उद्देश्य उत्तराखंड की संस्कृति और धार्मिक आस्था को जोड़ना है।

ऑनलाइन छुट्टी

विद्यालयी शिक्षा विभाग में अब शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कार्मिकों के अवकाश की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इसके लिए शीघ्र ही विद्या समीक्षा केन्द्र के डिजिटल प्लेटफार्म पर ऑनलाइन छुट्टी प्रबंधन मॉड्यूल जोड़ा जायेगा, जहां पर शिक्षक और अन्य कार्मिक अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को बताया कि राज्य सरकार प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा दे रही है, ताकि आधुनिक तकनीक के माध्यम से विभाग में पारदर्शिता, दक्षता, सुशासन के साथ–साथ जवाबदेही भी सुनिश्चित हो सके। इसी कड़ी में सरकार ने अवकाश की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है और अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया भी ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह सरल, पारदर्शी और समयबद्ध होगी। इससे शिक्षकों को छुट्टी के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि एक क्लिक पर उनकी छुट्टियां मंजूर होंगी। डॉ. रावत ने कहा कि शिक्षकों के ऑनलाइन अवकाश प्रणाली को शीघ्र लागू करने के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि विभाग के अन्य प्रशासनिक कार्यों को भी चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन किया जाएगा, जिससे शिक्षा विभाग पूरी तरह ई–गवर्नेंस आधारित प्रणाली की ओर अग्रसर हो सके।

आकाशवाणी महानिदेशक

आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने आज देहरादून स्थित आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र के विभिन्न अनुभागों का दौरा कर संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। श्री जैन ने कहा कि सरकार सार्वजनिक उपक्रमों को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने सार्वजनिक सेवा प्रसारण और सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति आकाशवाणी की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी की ताकत उसके कुशल प्रस्तुतकर्ताओं के समूह में निहित है। उन्होंने अनुभवी आवाजों को बनाए रखते हुए नई प्रतिभाओं को लगातार शामिल करने के महत्व पर बल दिया।

निरीक्षण

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने कालसी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी इकाइयों का निरीक्षण करते हुए उनके उत्पादों के बेहतर विपणन और गुणवत्ता पर जोर दिया। उन्होंने समूहों को ऑनलाइन बाजार से जोड़ने के लिए गूगल मैप्स पर पंजीकरण कराए जाने के निर्देश दिए, ताकि उनके उत्पादों की पहुंच व्यापक स्तर तक हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हरिपुर स्थित महिला समूह की ऑयल यूनिट और कोटी कालसी ग्रोथ सेंटर का दौरा कर उत्पादन प्रक्रिया और गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समूहों के उत्पादों के प्रचार–प्रसार और बाजार उपलब्ध कराने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। साथ ही ग्रोथ सेंटर में पानी की समस्या के समाधान के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने अमृत सरोवर का निरीक्षण भी किया और उसके रखरखाव, जल संरक्षण तथा सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मत्स्य विभाग को निर्देश दिए कि महिला समूहों को प्रशिक्षण दिया जाए और सरोवर के प्रचार–प्रसार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। कालसी डेयरी फार्म के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दुग्ध उत्पादन और पशुपालन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने पशुओं के उपचार और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक समन्वय के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी योजनाओं और इकाइयों का संचालन निर्धारित मानकों के अनुसार सुनिश्चित किया जाए और स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए प्रयास तेज किए जाएं।